सक्सेस एंड एबिलिटी

Success & ABILITY

विकलांगों के प्रतिभा की दिशा में

मई 2018



देशवासियों में समानता के ओर

आपका आध्यात्मिक मापदंड क्या है?

सार्वभौमिक अभिगम्यता एक अनिवार्यता

संपादकीय नज़र

समाचार और टिप्पणियां

3

इस बार, हम आपको आत्मरक्षा के लिए जूडो, इमोजी जो विकलांग लोगों का प्रतिनिधित्व करता है, स्मार्ट वाशरूम, महिलाओं और लड़कियों के लिए न्याय तक पहुंच के बारे में बताते हैं।

6

आवरण कथा

विकलांगता अधिनियम तब और अब। एक तुलनात्मक और व्यापक अवलोकन। कैसे और कहाँ और अब का परिदृश्य , आपके विचार और कार्यान्वयन के लिए।

अभिगम्यता

13

केवल कुछ ही लोगों के अभिगम्यता सुनिश्चित करने के लिए हम अपने शहरों को तैयार नहीं कर सकते हैं। सार्वभौमिक अभिगम्यता कुछ लोगों के लिए आज एक आवश्यकता है, और हम सभी के लिए भविष्य के लिए एक निवेश।

19

विचार

आपका आध्यात्मिक मापदंडक्या है? कार्यस्थल पर इसे लागू करने से एक महान प्रबंधकों को एक अच्छे प्रबंधक से अलग दिखाता है, बताती हैं डॉ. केतना . एल. मेहता

पुस्तक समीक्षा

22

भारी विषयों को हल्के दिल से पढ़े , आर.जे डेन के 'मेम्वॉर्स ऑफ़ टाइम' में प्रत्येक पाठक के लिए कुछ पेशकश है, श्रुति एस राघवन का कहना है।

24

दृष्टिकोण

परिवारों में बच्चों को विविधता को मनाने और स्वीकार करने के लिए ऐसे ही समझा सकते हैं।

समाचार और विचार साझा करने के लिए, हमें इस इ-मेल पर लिखें magazine@abilityfoundation.org

संपादक जयश्री रवींद्रन

प्रबंध संपादक जानकी पिल्लई

उप संपादक हेमा विजय

सह संपादक सुचित्रा अय्यप्पा

क्रिएटिव डिज़ाइनर मेरी पर्लिन

हिंदी अनुवादन मालिनी. क

संवाददाता

अनंतनाग: जावेद अहमद तक +911936 211363
हैदराबाद साई प्रसाद विश्वनाथ 91810685503
भोपाल : अनिल मुद्गल+91755 2589168
भुवनेश्वरडॉ. श्रुति मोहपात्रा +91 6742313311
दुर्गापुरअग्शु जाजोडिया +919775876431
गुरुग्राम :सिद्धार्थ तनेजा +919654329466
पुणे : साज़ अगरवाल+919823144189 संदीप कनाबार +919790924905
बैंगलोर : गायत्री किरण +919844525045 अली ख्वाजा+9180 23330200
नई दिल्ली अभिलाशा ओझा +919810557946
यु.इस. ऐ डॉ. मदन वसिष्टा +1(443)764-9006

प्रकाशक : एबिलिटी फाउंडेशन संपादकीय कार्यालय : नया न. 23, 3rd क्रॉस स्ट्रीट, राधाकृष्णन नगर, तिरुवान्मयूर, चेन्नई , इंडिया फ़ोन/फैक्स : 91 44 2452 0016 / 2440 1303. इ- मेल: magazine@abilityfoundation.org. ऐबिलिटी फाउंडेशन की ओर से जयश्री रवींद्रन द्वारा प्रकाशित, 27, 4th मेइन रोड, गाँधी नगर, चेन्नई 600 020. फ़ोन: 91 44 2452 0016. वेब साइट: www.abilityfoundation.org

Rights and permissions: No part of this work may be reproduced or transmitted in any form or by any means, without the prior written permission of Ability Foundation. Ability Foundation reserves the right to make any changes or corrections without changing the meaning, to submitted articles, as it sees fit and in order to uphold the standard of the magazine. The views expressed are, however, solely those of the authors.

समाचार और टिप्पणियां

तस्वीर सोत: © अर्को दटो / नूर साईटसेवेर्स के लिए

जूडो ही आगे का रास्ता है

ग्रामीण भारत में, दृष्टिदोष वाली युवा महिलाएं आत्मरक्षा की तकनीक सीखने का अवसर हासिल कर रही हैं।उनकी विकलांगता के कारण वे अक्सर शारीरिक और यौन दुर्व्यवहार से अधिक जोखिम में होते हैं, और कई अपने घरों से अकेले बाहर जा नहीं पाते।खुद की रक्षा करने में सक्षम होने के कारण, 60 से अधिक महिलाएं स्कूल लौटने, नौकरियां खोजने और समाज के सक्रिय सदस्य बनने में सफल हैं।कई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेने,

पदक जीतने और अपने क्षेत्र में अन्य दृष्टिहीन विकलांग महिलाओं की सलाह देने में सफल हैं।नई दिल्ली में राष्ट्रीय ब्लाइंड जूडो चैम्पियनशिप में भाग लेने के बाद, युवा महिलाओं को अपने समुदायों में बहुत सम्मान प्राप्त हुआ है। साइट्सेवर्स चैरिटी और स्थानीय साझेदार तरुण संस्कार की मदद से कक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

स्रोत: बी.बी.सी (BBC)

विकलांग लोगों का प्रतिनिधित्व करने के लिए ऐप्पल में नए इमोजी (emoji) का प्रस्ताव

ऐप्पल ने नए इमोजी, जो विकलांग लोगों का बेहतर प्रतिनिधित्व करेगा, का प्रस्ताव दिया है। यूनिकोड कंसोर्टियम के प्रस्तुति में , ऐप्पल ने लिखा, "ऐप्पल विकलांग व्यक्तियों को बेहतर प्रतिनिधित्व करने के लिए नए इमोजी का अनुरोध कर रहा है।अभी के इमोजी की एक विस्तृत विकल्पों की श्रृंखला प्रदान करते हैं, लेकिन विकलांग लोगों के अनुभवों का प्रतिनिधित्व नहीं करता हैं "। इमोजी के नए सूट में श्रवण सहायता, छड़ी या व्हीलचेयर का उपयोग करते हुए लोग, गाइड कुत्ते और प्रोस्थेटिक अंग शामिल हैं।कुल मिलाकर 13 नए इमोजी सुझाए गए हैं। यदि इन इमोजी को मंजूरी मिल जाती , तो उन्हें 2019 की पहली छमाही के दौरान रिलीज करने के लिए इमोजी 12.0 के प्रत्याशी की एक छोटी सूची में रखा जाएगा।

स्रोत : डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू.दवर्ज. कॉम (www.theverge.com)

स्मार्ट शौचालय, शावर और बाथटब

कोहलर, 144 वर्षीय कंपनी जो बाथरूम और रसोई सहायक उपकरण बनाती है, बाथरूम में स्वचालन ला रही है, जो विकलांग उपयोगकर्ताओं को लाभ पहुंचा सकती है। कोहलर का सबसे नया 'नुमी इंटेलिजेंट टॉयलेट' आवाज और ऐप नियंत्रित शौचालय है।जब व्यक्ति शौचालय के अंदर जाता है, ढक्कन खुल जाती है और सीट गरम हो जाती है। अमेज़ॅन इको (Amazon Echo) या गूगल होम (Google Home) के वॉयस कमांड के माध्यम से, शौचालय का काम पूरा होने के बाद स्वचालित रूप से फ्लश और दुर्गन्ध दूर भी कर सकते हैं!इसी तरह,इसके परफेक्टफिल (perfectfill) बाथटब को वॉयस कमांड के नियंत्रण द्वारा वांछित स्तर और / या तापमान तक भरा जा सकता ही। इसी तरह, डी.टी.वी शॉवर सिस्टम वॉयस कमांड या कोहलर कोनेक्ट ऐप के जरिये सही दबाव, तापमान, प्रकाश और प्रवाह दर निर्धारित करने की अनुमति देता है।

स्रोत: एक्सेसिबल टेक्नोलॉजी ब्लॉग

यौन हिंसा: न्याय प्रणाली तक पहुंचने में बाधाएं

भारत में यौन हिंसा के शिकार हुए विकलांग औरत और लड़कियों को न्याय प्रणाली तक पहुंचने में कई बाधाओं का सामना करना पड़ता है, ह्यूमन राइट्स वॉच ने अपने एक रिपोर्ट "इनविसीबल विक्टिम्स ऑफ़ सेक्शुल वायलेंस : एक्सेस जस्टिस फॉर वीमेन एंड गर्ल्स वित डिसेबिलिटी इन इंडिया" (Invisible Victims of Sexual Violence : Access to Justice for Women and Girls with Disabilities in india) में कहा,। न्याय प्रक्रिया के दौरान विकलांग महिला और लड़कियों द्वारा सामना किये गए चुनौतियों का विवरण रिपोर्ट में है : पुलिस को दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करना, उचित चिकित्सा देखभाल प्राप्त करना, शिकायत की जांच करना, अदालत प्रणाली का संचालन करना और पर्याप्त मुआवजा प्राप्त करना। विकलांगता अधिकार कार्यकर्ता और रिपोर्ट के सह-लेखक निधि गोयल, ने कहा, "2013 से भारत में यौन हिंसा पर महत्वपूर्ण कानूनी सुधार हुए हैं, लेकिन विकलांग महिलाओं और लड़कियों को अभी भी न्याय पाने में बराबर की पहुंच नहीं है।" ह्यूमन राइट्स वॉच ने भारत के आठ राज्यों (छत्तीसगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल) से बलात्कार और गिरोह बलात्कार के 17 मामलों की जांच की। इनमें आठ लड़कियां और नौ महिलाएं शामिल हैं जो शारीरिक, संवेदी, बौद्धिक या मनोवैज्ञानिक रूप से विकलांग हैं।

स्रोत: ह्यूमन राइट्स वॉच (Human Rights Watch)

देशवासियों में समानता के ओर



क्या कानून जीवन को बदल सकते हैं?

निस्संदेह, वे कर सकते हैं और उन्होंने कर दिखाया । पी.डब्लू.डी (PWD)1995 - विकलांग लोगों के अभिगम्यता और समावेशन के लिए भारत का पहला प्रमुख कानूनी साधन - के पारित होने से पहले, प्रचलित दृष्टिकोण दान का था, अधिकार का नहीं; और एहसान देने या प्राप्त करने के पक्ष में था।तब तक, पुनर्वास और विशेष सेवाओं का ही प्रस्ताव था; समावेशन की बात तो दूर है, समान अवसरों पर भी कोई विचार नहीं था।

वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र के विकलांगों के अधिकारों पर सम्मेलन (यू.एन.सी. आर.पी.डी) की शुरुआत हुयी जिसके लिए 18 देशों के अनुमोदन की आवश्यकता थी। भारत इसे पुष्टि करने वाले पहले देशों में से एक था। लगता था कि यू.एन. सी.आर.पी.डी द्वारा उल्लिखित दुनिया से विश्व भर के विकलांग लोगों के सपने साकार हो पायेगा।

हाँ, कानून जीवन बदल सकते हैं। मिसाल के तौर पर, जब हबिन गिरमा - जो जन्म से ही दृष्टिहीन और बधिर थी- ने जब अमेरिका में पैर रखा, तो उनका जीवन खुल गया। अमेरिकन्स विथ डिसैबिलिटीज (Americans with Disabilities - ADA) अधिनियम, जो प्रतिष्ठान पर जोर देता है , द्वारा उन्हें

ऐतिहासिक आर.पी.डब्ल्यू.डी (RPwD) 2016 के अधिनियमन के साथ हम आधुनिक भारतीय इतिहास में एक परिभाषित पहलू में हैं, जो भारत के हर विकलांग पुरुष, महिला और बच्चे को सशक्त बनाने के लिए निवेश करता है। हम यहां कैसे पहुंचे, आगे क्या है, हम इस अधिनियम को लागू करने केसंबंध में हम कितने दूर पर हैं? हेमा विजय इस यात्रा की खोज करती हैं।

> पी.डब्लू.डी 1995 के पारित होने से पहले, प्रचलित दृष्टिकोण दान का था, अधिकार का नहीं।

शिक्षा और अन्य अधिकार प्राप्त हुआ।अमेरिका के ए.डी.ए अधिनियम ने उन्हें हार्वर्ड लॉ स्कूल के पहले बधिर-अंध स्नातक बनने के लिए सशक्त किया, जबकि अफ्रीका में बुनियादी शिक्षा भी उनके पहुंच के बाहर था। हबिन गिरमा अब एक सक्रियतावादी है और डिसेबिलिटी राइट्स एडवोकेट्स (Disability Rights Advocate) में एक वकील।

भारत में, अपेक्षाकृत कम शक्तिशाली कानून, पी.डब्ल्यू. डी अधिनियम ने न्यायसंगत नौकरी के अवसरों, उचित आवास, शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, वित्तीय आवंटन और कानूनी और लोकतांत्रिक अधिकारों तक पहुंच को मुमकिन बनाने का काम किया।पी.डब्लू.डी अधिनियम ने विकलांग लोगों के अधिकारों और प्रावधानों के बारे में बताते हुए एक प्रतिमान विस्थापन लाया, और जब कोई समान अवसर से वंचित रहता है या भेदभाव का सामना करता है तो उन्हें कानूनी सहारे का विकल्प मिल सकता है।जब 1999 में, मद्रास उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच ने इस अधिनियम के आधार पर एक ऐतिहासिक निर्णय दिया, यह मानते हुए कि " पद धारण करने के लिए शारीरिक विकलांगता अयोग्यता नहीं है, यदि उम्मीदवार नौकरी के लिए अन्यथा उपयुक्त है, तब बेंच ने, सक्सेस एंड एबिलिटी (अक्टूबर-दिसंबर 97 अंक) का लेख जो सेवानिवृत्त माननीय डेविड ब्लंकेट, संसद सदस्य, यूनाइटेड किंगडम, जिन्होंने शिक्षा के लिए राज्य सचिव का पद संभाला,और अंधे है, पर था , उद्धृत किया।

पी.डब्लू.डी से आर.पी.डब्लू.डी तक

पी.डब्लू.डी (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) पी.डब्ल्यू.डी 1995 लोकसभा द्वारा 12 दिसंबर, 1995 को सर्वसम्मति से पारित किया गया था और 7 फरवरी 1996 को लागू में आया।पी.डब्ल्यू. डी अधिनियम ने विकलांगता के केवल सात श्रेणियों को सूचीबद्ध किया और "उपयुक्त सरकारों और स्थानीय अधिकारियों" के माध्यम से, विकलांगता, शिक्षा, रोजगार, सकारात्मक कार्रवाई, गैर-भेदभाव, सामाजिक सुरक्षा, अनुसंधान और जनशक्ति विकास की रोकथाम और प्रारंभिक पहचान के लिए उपाय बनाया । विकलांग व्यक्तियों के लिए संस्थानों की मान्यता, अत्यंत विकलांग व्यक्तियों के लिए संस्थानों की स्थापना और संरक्षण, विकलांग व्यक्तियों के लिए एक मुख्य आयुक्त और राज्य आयुक्तों की नियुक्ति और केंद्रीय समन्वय समिति और राज्य समन्वय समितियों का गठन जो इस अधिनियम के तहत कार्य करेगा।हालांकि, जैसा ही इसे पेश किया जा रहा था, वैसे ही वास्तव में समानाधिकारवादी और व्यापक विकलांगता अधिनियम की आवश्यकता की महसूस हुई और विकलांगता क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा इसपर चर्चा भी हुई।

यू.एन.सी.आर.पीडी के तुलना में, पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम अपर्याप्त लग रहा था। इसके फलस्वरूप कानूनी शर्तों में व्याख्या करने के लिए और विकलांगता क्षेत्र की ओर भारत के लक्षित दृष्टि को स्पष्ट करने के लिए भारत सरकार को विशेषज्ञों और कार्यकर्ताओं की राष्ट्रीय समिति का गठन करना पड़ा और इससे आर.पी.डब्लू.डी एक्ट की चर्चा की शुरुआत हुयी । पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम, 1992 में अपनाई गई एशियाई और प्रशांत क्षेत्र में विकलांग लोगों की पूर्ण भागीदारी और समानता की उद्घोषणा के आधार पर शुरू हुआ, क्योकि भारत इसका एक हस्ताक्षरकर्ता था, और यू.एन. सी.आर.पी.डी अधिनियम ने आर.पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम की शुरुआत किया।

अग्रसर सक्रिय वार्ता और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद आर.पी.डब्ल्यू. डी कानून का मसौदा तैयार हुआ । इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सेरेब्रल पाल्सी (आई.आई.सी.पी) के उपाध्यक्ष और विशेष शिक्षा केंद्र के संस्थापक प्रिंसिपल, पद्मश्री डॉ. सुधा कौल, जिसके नेतृत्व में भारत सरकार ने नए कानून का मसौदा तैयार करने के लिए एक समिति की स्थापना की, कहती हैं, "क्योंकि हमारा देश बड़ा है, बड़ी संख्या में विकलांग व्यक्ति और विकलांग समूह और हजारों हितधारकों से परामर्श किया गया था, इसलिए हमें उन मुद्दों पर बहुत गौर करना पड़ा जो विकलांगता बिल में शामिल होंगे।मैं विश्वास से कह सकती हूँ कि यह देश में किसी भी कानून के निर्माण में हुई सबसे बड़ी और विस्तृत परामर्श में से एक था। हम स्वीकार करते हैं कि कुछ मुद्दों पर विविध विचार और विवाद थे। हमने वर्तमान स्थिति की वास्तविकता को पहचाना, और विकलांग लोगों के अधिकारों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखा।अंततः पारित किया गया विधेयक, वर्तमान आर.पी.डब्ल्यू. डी अधिनियम 2016, कुछ पहलुओं पर,जिन्हें हमने निर्धारित किया था, ध्यान नहीं देता है , जैसे कि लड़कियों के मुद्दे । इसके बावजूद यह यू.एन. सी.आर.पी.डी के सिद्धांतों के अनुरूप है। यह अधिनियम सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक और अन्य अधिकारों की ज़मानता देता है और सक्रिय उपायों का सुझाव देता है "।

2014 में आर.पी.डब्ल्यू.डी विधेयक राज्यसभा में पेश किया गया था। स्थायी समिति, मंत्रियों के समूह और पी.एम.ओ द्वारा इसका जांच की गई, और 2016 में मंत्रिमंडल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया ,सरकार और विपक्षी के समर्थन के साथ, जो बहुत ही दुर्लभ है! 28 दिसंबर, 2016 को सरकार ने अपने आधिकारिक राजपत्र में इसे अधिसूचित किया।

आर.पी.डब्ल्यू.डी 2016 विकलांग व्यक्तियों को शिक्षा, रोजगार, मनोरंजन, कानूनी अधिकार, गैर-भेदभाव आदि अधिकार जताने या उनकी अनुपस्तिथि में इस अधिकारों को मांगने के लिए दरवाज़े खोलता है । दुसरे शब्दों में , एक प्रतिभागी लोकतंत्र के अन्य सभी नागरिकों द्वारा

“
अग्रसर सक्रिय वार्ता और विस्तृत विचार-विमर्श के बाद आर.पी.डब्ल्यू.डी कानून का मसौदा तैयार हुआ ।
”

आनंदित हर एक अधिकार तक पहुंच प्राप्त करने के लिए।

आर.पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम 2016 विकलांग व्यक्तियों पर केंद्रित है। डॉ. कौल ने पुष्टि की, "यह स्वायत्तता, गरिमा, किसी के विकल्प को चुनने की आज़ादी , गैर-भेदभाव, समाज और सरकार में पूर्ण और प्रभावी भागीदारी और मतभेदों का सम्मान करेने पर ज़ोर देता है।"

अधिकार चाहिए, भीख नहीं

कई लोगों के अनुसार आर.पी.डब्ल्यू. डी अधिनियम प्रवृत्ति परिवर्तक माना जाता है। यह विनियमन और शिकायत निवारण के लिए मजबूत प्रावधानों और तंत्र के साथ एक अधिकार-आधारित कानून है। उदाहरण के लिए, इस अधिनियम के तहत विकलांग व्यक्तियों के शिकायतों से तेज़ी से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक विशेष अदालत की स्थापना की अनुबंध करता है। और 'हमारे लिए कुछ भी हमारे बगैर नहीं ' को सच साबित करते हुए, यह अधिनियम इस नए कानून के तहत विभिन्न निकायों में विकलांग व्यक्तियों के प्रतिनिधित्व के लिए अवसर प्रदान करता है।और फिर, एकाएक यह इस अधिनियम की सुरक्षात्मक छाता के तहत योग्य आबादी का एक बड़ा हिस्सा आता है, क्योंकि ऑटिज़्म, थैलेसेमिया, हेमोफिलिया, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी, मल्टिपल स्क्लेरोसिस, शिक्षण विकलांगता और एसिड हमले से बचे हुए लोगों, सहित विकलांगता की श्रेणी 7 से बढ़कर 21 कर दी गयी।इसके साथ ही, भारत में विकलांग व्यक्ति की संख्या अब 70-100 मिलियन होने का अनुमान है। यह अधिनियम केंद्र सरकार को जब भी आवश्यकता हो, और अधिक प्रकार की विकलांगताओं को जोड़ने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, कई कार्यकर्ता मान्यता प्राप्त विकलांगों की सूची में रीढ़ की हड्डी की चोटों को शामिल करने की मांग करते हैं।

अभिगम्यता, शिक्षा और रोजगार

यह अधिनियम (खंड 41.1) सार्वजनिक परिवहन में सुलभ सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए ठोस उपाय लेने का दायित्व सरकार पर रखती है। अधिनियम के एक और खंड 44 (1) सभी भवन योजनाओं में अभिगम्यता के मानदंडों का पालन करने पर ज़ोर देती है, जिसके अनुसार केवल उन इमारतों को पूर्ती का प्रमाण पत्र मिल पायेग जो केंद्र सरकार द्वारा सूत्रबद्ध अभिगम्यता नियमों के अनुरूप हैं।इसके अलावा, सभी मौजूदा सार्वजनिक इमारतों को नियमों की अधिसूचना की तारीख से पांच साल के भीतर सुगम बनाना है। सार्वभौमिक अभिगम्यता प्राप्त करने के लिए केंद्र सरकार ने सुगम भारत अभियान (Accessible India Campaign) योजना जारी अधिनियम उचित सरकार और स्थानीय अधिकारियों यह सुनिश्चित करने का आदेश देता है कि उनके द्वारा वित्त पोषित या मान्यता प्राप्त सभी शैक्षिक संस्थान में विकलांग बच्चों को समावेशी शिक्षा प्रदान करें और उनके कुशल कामकाज के लिए आवश्यक उपाय करें। इसके अलावा, बेंचमार्क कठिनाई वाले 6 से 18 वर्ष के बीच के बीच उम्र वाले बच्चों को पड़ोस के स्कूल में या अपनी पसंद के एक विशेष स्कूल में मुफ्त शिक्षा का अधिकार दिया जाता है।

यह अधिनियम विकलांग लोगों के रोजगार के लिए, योजनाओं और रियायती दरों पर ऋण के प्रावधान, विशेष रूप से व्यावसायिक प्रशिक्षण और स्व-रोज़गार के लिए आदेश देता है।कार्यस्थल के मामले में यह अधिनियम हर सरकारी प्रतिष्ठान में उचित आवास, बाधा मुक्त और अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए कहता है, और यह स्वीकार करता है कि एक विकलांग व्यक्ति की आवश्यक 'उचित आवास' दुसरे व्यक्ति के आवश्यकता से काफी भिन्न हो सकता है। यह कृषि भूमि और आवास के आवंटन में आरक्षण, और बेंचमार्क विकलांगता वाली महिलाओं को प्राथमिकता के साथ विभिन्न गरीबी उन्मूलन योजनाओं और सभी सरकारी प्रतिष्ठानों में पदों के हर समूह में रिक्तियों की कुल संख्या का 4% आरक्षण प्रदान करता है। निजी क्षेत्र के संगठन भी इस अधिनियम के अधिकार के तहत आते हैं, और 20 से अधिक कर्मचारियों वाली कंपनियों को समान अवसर नीति बनाने के लिए विवश करता है, और इसके अनुपालन के लिए अपेक्षित उचित सुविधा उपलब्ध करने की मांग करता है।

सामाजिक सुरक्षा, प्रमाणन और कानूनी अधिकार

अधिनियम यह अनिवार्य करता है कि विकलांग व्यक्तियों को सहायता की मात्रा दूसरों की तुलना में कम से कम 25% अधिक हो; यह बीमा योजना, बेरोजगारी भत्ता, देखभाल करने वालों की भत्ता, विकलांगता पेंशन, सहायक उपकरणों का प्रावधान, दवा, नैदानिक और सुधारात्मक प्रक्रियाओं के लिए प्रदान करता है, और मूल्यांकन बोर्ड द्वारा मूल्यांकन किए जाने वाले उच्च समर्थन की जरूरत वाले व्यक्तियों के लिए विशेष प्रावधान आदि प्रदान करता है । यह अधिनियम उन विकलांग लोगों के लिए सुविधाओं की स्थापना के लिए भी ज़ोर देता है जिनका कोई परिवार न हो या जिनको परिवार ने त्याग दिया हो। और हालांकि प्रमाणीकरण अभी भी एक बड़ा मुद्दा है, आरपीडब्ल्यूडी विधेयक ने पूरे देश में मान्य एक अखिल भारतीय विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है, जिसमें दंड प्रावधान शामिल हैं (जो कुछ कार्यकर्ताओं के मुताबिक , कठोर नहीं हैं), और मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार ।

जबकि अधिनियम भेदभाव को परिभाषित करता है, उस व्यवहार को माफ़ करता है अगर “यह दिखाया जा सके कि खंडित कार्य या चूक उचित उद्देश्य प्राप्त करने का एक आनुपातिक माध्यम है"! चिंता का एक और मुद्दा विकलांगों के मुख्य आयुक्त के लिए प्रावधान है, जो सिर्फ सिफारिश कर सकता है, और आयुक्त का विकलांग व्यक्ति होना अनिवार्य नहीं है। कार्यकर्ता एक राष्ट्रीय आयोग की स्थापना करना चाहते थे जिसकी शक्तियां सिविल कोर्ट के बराबर हो।

गैर सरकारी संगठन , एकता, जो विकलांग लोगों के अधिकारों की लिए काम करती है, के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और एशिया पेसिफिक डिसेबल्ड पीपल्स आर्गेनाईजेशन (Asia Pacific Disabled People’s Organisations APDPO) के बोर्ड सदस्य राजीव राजन को लगता है

कि सिवाय अभिभावकता के, कानून के हर पहलू में सुधार किया गया है। "यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है क्योंकि जीवन में लगभग हर चीज एक अनुबंध है, जिसमें शादी या बैंक खाता खोलना शामिल है। सरकार शायद समर्थित निर्णय लेने की अनौपचारिक प्रणाली ला सकती है, जैसे यू.के जैसे देशों में मौजूद है "।

अधिनियम को कार्यान्वित करना

जबकि हमारे पास एक शक्तिशाली अधिनियम है, हम अभी तक इसे कार्यान्वित नहीं देख पा रहे हैं।जैसा कि डॉ. कौल बताती हैं, "अमिता दन्डा के ज्ञानपूर्ण और व्यावहारिक शब्दों में, इस पर ध्यान देने के बजाय कि और क्या जोड़ा जा सकता है, अब हमें इस कानून के साथ जुड़ने की जरूरत है। इस पल में अधिनियम को कार्यान्वित करना ही मेरी मुख्य चिंता है। आख़िरकार, नियमों को कार्यान्वित करना राज्यों पर निर्भर है। अब तक, राजस्थान जैसे कुछ राज्यों ने ही वास्तव में अधिनियम को लागू करने के लिए राज्य स्तर के नियम तैयार किए हैं। हमें सभी राज्यों को उन नियमों को तैयार करने की आवश्यकता है जो स्पष्ट और विधिपूर्वक हो ताकि प्रभारी लोगोन को इसका पालन करना और उन्हें निर्णायक रूप से लागू करना पड़े। "

इस पल में अधिनियम को कार्यान्वित करना ही मेरी मुख्य चिंता है। आख़िरकार, नियमों को कार्यान्वित करना राज्यों पर निर्भर है। अब तक, राजस्थान जैसे कुछ राज्यों ने ही वास्तव में अधिनियम को लागू करने के लिए राज्य स्तर के नियम तैयार किए हैं।

हेमा विजय

अब हमारे पास एक मजबूत अधिनियम है। विकलांगों के अधिकारों को प्रदान करने के बारे में सरकार या संगठन अब तर्क नहीं दे सकते हैं।हालांकि, हमें समाज में बड़े हद में जागरूकता पैदा करने की जरूरत है, कि ऐसा अधिनियम और नियम मौजूद हैं।डॉ कौल उल्लेख करती है "उदाहरण के तौर पर मेरे घर के बाहर एक नया बैंक खुला है। इसमें कोई रैंप नहीं है। मैंने प्रबंधक से पूछा कि क्या वह नए अधिनियम से अवगत है जो अभिगम्यता के मानकों को निर्धारित करती है; वह आश्चर्यचकित हुई और कहा कि उसे पता नहीं था " ।

जब लोगों को नियमों के बारे में पता ही नहीं तो उनका पालन कैसे करेंगे? इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आर.पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम के बारे में हर स्तर पर साझा किया जाये, सर्कार के अंदर और बाहर, स्कूल के स्तर से शुरू होकर, समाज के निचले स्तर से लेकर ऊपरी स्तर तक। डॉ. कौल कहते हैं, "अगर बच्चों को सरल भाषा में पढ़ाया जाय कि एक कानून है जो अन्य बच्चों के जीवन को आसान बना सकता है, तो यह दुनिया में बहुत बड़ा अंतर बना सकते हैं।"

Ability Foundation & Sathyabama University

bring you

B.E | B.TECH | B.COM | BBA | B.SC | BA | MBA

MERIT-BASED ADMISSION
FOR STUDENTS WITH DISABILITIES
FOR THE YEAR 2018

- Full scholarship covering tuition & hostel fees
- Study environment suited to one's disability
- Accessible hostel facilities

For details and application form, log on to
www.abilityfoundation.org

Completed forms must reach Ability Foundation,
on or before, June 6, 2018

For more details
+91 99623 86773 / varsity@abilityfoundation.org

ABILITY® FOUNDATION
Looking Beyond Disabilities & Breaking Barriers Together

SET
JUSTICE PEACE REVOLUTION
SATHYABAMA INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY
CHENNAI - 600119

मेरी विकलांगता इसलिए मौजूद नहीं है क्योंकि मैं व्हीलचेयर का उपयोग करती हूँ , लेकिन इसलिए कि व्यापक वातावरण अभिगम्य नहीं है।
- स्टेल्ला यंग

विकलांगता

इप्सिता शी

दया नहीं, समाधान चाहिए

डिजाइनर, आर्किटेक्ट, इंजीनियर, प्रशासक, विधायक और आम जनता के रूप में, हमने, हम में से कुछ लोगों के, न कि सभी के, ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमारे दुनिया के अनुरूप बनाया। इसलिए यह हर किसी का दायित्व है कि हम अपने उत्पादों में विविधता लाएं, हमारे डिजाइन को सार्वभौमिक बनायें, हमारे सोच को खुला रखें और हमारे बच्चों को संवेदनशील बनायें इप्सिता शी लिखती हैं।

स्टेल्ला ने विकलांगता के बारे में जो कुछ कहा, उससे अधिक कोई भी अन्य वाक्य, मेरे विचार से मेल नहीं खाता। एक विकलांग वकील, लेखक, कॉमेडियन, और एक वैकल्पिक विचारक, स्टेल्ला ने कभी भी अपने हड्डियों के कमजोरी (ऑस्टियोजेनेसिस इम्पेर्फेक्टा) को सुविधाजनक या असुविधाजनक नहीं बताया।

उन्होंने न तो नाराज़गी व्यक्त की और न ही अन्य लोगों से सहानुभूति की आशा की। इन सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि वे गैर-विकलांगों के लाभ के लिए विकलांगों के जीवनी को प्रेरणादायक बनाने के खिलाफ हैं। एक गैर-विकलांग व्यक्ति के रूप में, इस परिप्रेक्ष्य ने मुझे चकित किया क्योंकि यह पारंपरिक ज्ञान के लिए एक चुनौती था। गैर-विकलांग लोगों की शारीरिक आवश्यकताओं के अनुरूप एक समाज स्थापित करके सामान्य स्वतंत्र जीवन जीने की कोशिश करने के लिए विकलांगों की प्रशंसा कैसे कर सकते हैं? यह निश्चित रूप से पाखंड लगता है।

मैं शुरू में ही हमारी सामूहिक विफलता को स्वीकार करती हूँ।डिजाइनर, आर्किटेक्ट्स, इंजीनियर, प्रशासक, विधायक और आम जनता के रूप में, हमने, हम में से कुछ लोगों के, न कि सभी के, ज़रूरतों को पूरा करने के लिए हमारे दुनिया का अनुरूप बनाया।शारीरिक रूप से विकलांग, वृद्ध और युवा बसों की सवारी नहीं कर पाते, सड़कों पर नहीं चल सकते, हमारे भवनों का संचालन नहीं कर सकते। इसलिए नहीं कि प्रकृति ने भेदभाव किया है, लेकिन इसलिए कि मनुष्य भेदभाव करते हैं और निर्णय करते हैं कि सीढ़ियाँ रैंप से अधिक सरल हैं, शौचालयों में अतिरिक्त स्थान छोड़ना बहुत महंगा है और ब्रेल और श्रवण संकेतों का इस्तेमाल करना सस्त नहीं है।

मैं हमारे सामूहिक पाखंड को स्वीकार करते हुए इस बात को जारी रखती हूँ। कुछ विकलांग लोग जो बहुमत द्वारा लगाए गए इन बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़ते है और स्वतंत्र जीवन जीने का प्रयास करते हैं, उनकी "उपलब्धियां" मनाई जाती हैं और उनके रोजमर्रा के संघर्ष उपभोक्तावाद बन जाता। विकलांगता को देखने का यह तरीका 'विकलांगता का सामाजिक नमूना' कहलाता है जहां व्यक्ति के विकलांगता को नहीं बल्कि आसपास के वातावरण को विकलांग बाधा के रूप में देखा जाता है।इसलिए यह हर किसी का दायित्व है कि हम अपने उत्पादों में विविधता लाएं, हमारे डिजाइन को सार्वभौमिक बनायें, हमारे सोच को खुला रखें और हमारे बच्चों को संवेदनशील बनायें।

हमारा कानून क्या कहता है?

विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के बारे में संयुक्त राष्ट्र समझौता (यु.एन.सी.आर.पी.डी) 2006 विकलांग लोगों के हितों के लिए पहली अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है। राष्ट्रीय कानूनों के माध्यम से अपने देशों में विकलांग लोगों को बराबर का अधिकार देने के लिए सभी हस्ताक्षरकर्ताओं को विवश किया गया था।

यु.एन.सी.आर.पी.डी के 160 हस्ताक्षरकर्ताओं में से एक होने के नाते भारत,ने सम्मेलन के लक्ष्यों को कायम रखने

के लिए आर.पी.डब्ल्यू.डी अधिनियम, 2016 पारित किया। इस क़ानून के अनुसार "विकलांगता व्यक्ति" (पी. डब्ल्यू.डी) वो व्यक्ति है जिसका, समाज में दूसरों के साथ पूर्ण और प्रभावी भागीदारी निभाने में, उनके दीर्घकालिक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक या संवेदी क्षति बाधित करती हैं।"

भारत के संविधान में अन्य नीतियां और कानून हैं, जो विकलांग व्यक्तियों के हितों की रक्षा करते हैं, जैसे कि

पी.डब्ल्यू.डी (1995), • मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम (1987), भारतीय पुनर्वास परिषद् (1992) , • ऑटिज़्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और एकाधिक विकलांगता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय ट्रस्ट (1999) और मानसिक रूप से मंद व्यक्तियों के अधिकारों पर घोषणा।

परिवर्तन लाने के लिए एक मजबूत कानूनी नींव होना महत्वपूर्ण है, फिर भी यह पूरी तरह से समस्या का समाधान नहीं कर पाता।हमारी भौतिक दुनिया शारीरिक रूप से योग्य वयस्कों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए रूपांकित किया गया है।अत: अभिगम्यता सार्वभौमिक नहीं है।विकलांगता और नकारात्मक छवि के कारण अभी भी जातिवाद, होमोफोबिया और लैंगिक असमानता जैसे भेदभाव प्रचलित है। इसलिए समावेश सार्वभौमिक नहीं है। यह वास्तविकता को स्वीकार करना उचित समाधान की दिशा में पहला कदम है।

“विकलांगता और नकारात्मक छवि के कारण भेदभाव अभी भी जातिवाद, होमोफोबिया और लैंगिक असमानता जैसे भेदभाव प्रचलित है। यह वास्तविकता को स्वीकार करना उचित समाधान की दिशा में पहला कदम है।”

CRPD

समाधान की ओर.... पहले कदम

विकलांगता बहस के दो स्तंभ - अभिगम्यता और समावेशन हैं। इसका समाधान भी उसी में है।

I

अभिगम्यता - एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां हमारे स्कूल और अस्पताल, हमारे स्टेशन और हवाईअड्डे, हमारी बसों और सड़कों, हमारे होटल और रेस्तरां, हमारे लैपटॉप और इंटरनेट, हमारे उपकरण और बर्तन सभी के द्वारा सुलभ और प्रयोग करने योग्य हो"।यदि कोई विकलांग व्यक्ति किसी के मदद के बिना हर जगह जा सकता है और अपनी जरूरतों को पूरा कर सकता है, तो वह अब विकलांग नहीं है। तो हम कहाँ से शुरू करें?

सब के लिए बाधा रहित अभिगम्यता - सभी बैंकों, डाकघरों, बाजारों, स्कूलों, विश्वविद्यालयों, पुस्तकालयों और सरकारी भवनों में जमीन तल तक रैम्पस और इसके आगे लिफ्टों का प्रावधान हो। सभी सार्वजनिक शौचालयों में पकड़ने के लिए सलाखें होना चाहिए।सभी सुलभ शौचालयों में विकलांग लोगों के लिए एक समर्पित शौचालय हों। सभी काउंटरटॉप्स, दरवाजे के घुंडी और स्विचबोर्ड की ऊंचाई हर कद के उपयोगकर्ता के प्रति संवेदनशील होना चाहिए।सस्ती निवासों, विशेष रूप से एल.आई.जी (कम आय समूह) और ई.डब्ल्यू.एस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के आवासों में विकलांगों के लिए अपार्टमेंट के भूमि तल में एक हिस्से को आरक्षित करने का प्रावधान होना चाहिए।सार्वजनिक हॉलवे और दरवाजे व्हीलचेयर की सुविधा के लिए चौड़े होने चाहिए। सभी सार्वजनिक इमारतों में अनावश्यक स्तर परिवर्तन को कम करना चाहिए। ऐसे कई व्यावहारिक समाधान हैं जो अभिगम्यता को सार्वभौमिक बनाने में मदद कर सकते हैं।

Multifold Suitcase Ramp

Source:
https://www.disabilitysystems.com/ramps/multi.html

यात्रा को सार्वभौमिक रूप से सुलभ बनाना- हवाई परिवहन, विशेष रूप से दिल्ली, कोलकाता और मुंबई जैसे बड़े हवाई अड्डों को अपेक्षाकृत बाधा रहित बनाना है लेखिन आबादी का एक छोटा प्रतिशत ही इस परिवहन के साधन का उपयोग करता है। ज्यादातर लोगों के लिए बसें और ट्रेनें ही परिवहन के अपरिहार्य तरीके हैं जो दुर्भाग्यवश बुजुर्गों या विकलांगों को समायोजित करने के लिए डिज़ाइन नहीं की गई हैं। विकलांगता अधिकार कार्यकर्ता विराली मोदी के प्रयासों के कारण, 2018 में, केरला का एर्नाकुलम, भारत सरकार के विकलांग परियोजना के अंतर्गत भारत का पहला विकलांग अनुकूल रेलवे स्टेशन बना।

इमरान कुरेशी और ओलिवर डी सूज़ा

इंटरनेट बाधा मुक्त बनायें - भौतिक दुनिया की तरह, हमारी आभासी दुनिया भी हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। फिर भी, अभिगम्यता के बहस में सबसे अनदेखा पहलू है। दृष्टिहीन और बुजुर्गों के लिए, इंटरनेट अभी भी काफी हद तक पहुंच के बाहर है।उपशीर्षक और प्रतिलेख का उपयोग, अभिगम्यता मार्गदर्शिकाएं, वर्चुअल कीबोर्ड, रंग का न्यायसंगत उपयोग आदि के माध्यम से, हम अपनी आभासी दुनिया को और भी अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बना सकता है।

III **समावेश** - विकलांग लोग कर्मचारी, नियोक्ता, उद्यमी, राजनेता, सरकार का हिस्सा, या सामाजिक नेता हो सकते हैं। वे एथलीट या आर्किटेक्ट्स हो सकते हैं। वे शिक्षक या तकनीशियन हो सकते हैं। वे वैज्ञानिक या सामाजिक कार्यकर्ता हो सकते हैं। वे नर्तकियों या आहार विशेषज्ञ हो सकते हैं। विकलांगता का किसी व्यक्ति की क्षमता या अक्षमता से कोई संबंध नहीं है। इस बाजार संचालित समाज में, वे उपभोक्ता भी हैं। तो हम कहां से शुरू कर सकते हैं?

IV **शिक्षा** - आर.पी.डब्ल्यू. डी, 2016 पहले ही हमें "स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों, डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिकल कर्मियों, कल्याण अधिकारी, ग्रामीण विकास अधिकारी, आशा श्रमिक,(Accredited Social Health Workers -ASHA) आंगनवाड़ी श्रमिक, इंजीनियरों, वास्तुकारों और अन्य पेशेवरों और सामुदायिक श्रमिकों जैसे सभी शिक्षा पाठ्यक्रमों में विकलांगता को एक घटक के रूप शामिल करने के लिए कहता है। "

सैद्धांतिक रूप से, मुख्यधारा शिक्षा के माध्यम से जागरूकता का मुद्दा हल किया गया है। लेखिन व्यावहारिक रूप से, एक समावेशी और विकलांग के प्रति संवेदनशील समाज के हमारे प्रयास काफी अपर्याप्त

फोटोग्रप्स प्लेनेट एबल द्वारा

रहते हैं। तो, गलती कहाँ पर हो रही हैं? केवल एक नए अध्याय या पुस्तक को शामिल करने से बच्चे या वयस्क को हमारे द्वारा सामना की जाने वाली शारीरिक कठिनाइयों के ओर संवेदनशीलता बना नहीं सकते है।

विकलांग लोगों के साथ मान्य ग्राहकों के रूप में व्यवहार करना- मुझे यहां गलत मत समझो। मैं निश्चित रूप से लालची उद्यमियों को पैसा कमाने के लिए हमारे विकलांगता का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित नहीं करना चाहता।लेकिन आखिरी बार कब आपने हाई-एंड वॉच स्टोर में प्रवेश किया और अंधे के लिए घड़ी संग्रह देखा? हमारे फैशन डिजाइनरों ने व्हीलचेयर में लोगों के लिए वाणिज्यिक रूप से कपड़ों की लाइन का विपणन आखिरी बार कब किया? मॉल में गर्व से प्रदर्शित हीरों से सजी घड़ियों और सोना से सजी कपड़े हमारे समाज की गलत प्राथमिकता का एक प्रतिबिंब है।

पर्याप्त रोजगार के अवसर प्रदान करना- भारत सरकार ने देश में विकलांग लोगों के लिए आरक्षण पहले से ही लक्षित कर दिया है। कर और पी.एफ लाभ के बावजूद निजी क्षेत्र नियोक्ता विकलांग लोगों को भर्ती और नियोजित करने में एक कदम पीछे है। 2014 में एक अध्ययन (अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन - एआ.ई.एफ और एन.ए.बी सेंटर फॉर ब्लिंड विमेन एंड डिसएबिलिटी स्टडीज) ने चयनित क्षेत्रों में 105 छोटी, मध्यम और बड़ी कंपनियों में किये गए प्राथमिक शोध के आधार पर पाया कि ज्यादातर कंपनियों में विकलांग व्यक्तियों के रोजगार के लिए व्यापक नीति की कमी है और ज्यादातर कंपनियों ने ऑर्थोपेडिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को रोजगार की पेशकश की।इसके अलावा, ज्यादातर मामलों में, विकलांग लोग प्रतिबंधित करियर विकल्पों के साथ प्रवेश स्तर की स्थिति तक सीमित थे ।

तो, स्थिति को सुधारने के लिए क्या कुछ किया जा सकता है?एक समावेशी काम वातावरण की ओर बढ़ने के लिए आरक्षण अनुपालन का जिक्र करना, विकलांग लोगों को नियोजित करने के लाभों के बारे में नियोक्ताओं को शिक्षित करना (शोध ने निष्कर्ष निकाला है कि विकलांग लोग मजबूत वफादारी और कार्य से अनुपस्थित होने में कम दरों को प्रदर्शित करते हैं) और विकलांग लोगों को उनके अधिकारों और अवसरों के बारे में शिक्षित करना चाहिए।एक विकलांग रोजगार नीति अपनाने के लिए कंपनियों को निर्देश देना इस दिशा में एक और कदम आगे हो सकता है।

वर्तमान के लिए एक आवश्यकता, भविष्य के लिए एक निवेश!

हम में से बहुत सार्वभौमिक डिजाइन को एक विकल्प के रूप में देखते हैं और जितना हो सके उसे टालना चाहते हैं। हम अपने नियमों में दरारें और नीतियों में छूट की तलाश करते हैं ताकि निर्मित वातावरण को समावेशी बनाने से टाल सके।

हमारी नवीनतम जनगणना (2011) के अनुसार वरिष्ठ नागरिक और विकलांग की आबादी के आंकड़े हमें दिखाते हैं कि देश की कुल आबादी का लगभग 10.8% अधिक समावेशी शहर और भवन निर्माण से लाभ उठा सकता है।भारत में हर 10 लोगों में से एक से अधिक हमारे शहरों के डिजाइन के कारण स्वतंत्र जीवन से वंचित हैं! संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, जैसे देश की उम्र बढ़ती है वैसे ही वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिशत 2050 तक यह 8% से 19% तक बढ़ जाएगा और स्थिति को और मुश्किल बना देगा।

हमारी भौतिक संसार को अधिक विकलांग-अनुकूल बनाना पसंद का मामला नहीं है; आज हम में से कुछ लोगों के लिए यह मूलभूत आवश्यकता है और भविष्य में यह एक अनिवार्य निवेश है। आज, हमारे परिवार, दोस्तों और सहयोगियों में से कुछ को बैसाखी, श्रवण सहायता, व्हीलचेयर और छड़ की आवश्यकता होती है। कल, शायद हममें से बाकी लोगों को ...■

प्रबंधन में आध्यात्मिक मापदंड

आध्यात्मिक मापदंड, जो भावनात्मक मापदंड से भी बढ़कर है, एक अच्छे प्रबंधकों को महान प्रबंधकों से अलग दिखाता है, बताती हैं डॉ. केतना . एल. मेहता

डॉ. केतना . एल. मेहता

दिव्य सुवर्णा, एक विशाल भारत सार्वजनिक क्षेत्रक उपक्रम के शाखा प्रबंधक, को अपने रिकॉर्ड क्लर्क, वैती, का फ़ोन आया , उसका आवाज कांप रहा था, सांस की कमी थी और लगभग रो रहा था। उन्होंने हिंदी में कहा, "मैडम, मैंने चेक बुक वाले पूरे पैकेट को खो दिया है, जिस में आपके द्वारा हस्ताक्षरित सभी चेक भी शामिल हैं। कृपया बताईये कि मैं क्या करूँ? "

दिव्या ने उसे देखा - घबराहट, पसीने से तर, चिंतित और व्याकुल। वह जानती थी कि वह पहले से ही अन्य व्यक्तिगत और वित्तीय समस्याओं का सामना कर रहा था और उनका जीवन तनावपूर्ण था। उसने उसे शांत किया और उसे कहा कि चिंता न करें। उसे आराम करने का आग्रह करते हुए उसने उन्हें आश्वस्त किया

> एक नेक काम ने चमत्कारिक ढंग से दुसरे नेक काम को बढ़ावा दिया!

कि कभी-कभी ऐसा होता है और उन्होंने जानबूझकर पैकेट को नहीं गंवाया।

दिव्य ने मानव तत्व को प्राथमिकता देते हुए जवाब दिया। इस संगठनात्मक तबाही के प्रति उनका दृष्टिकोण 'लोग पहले' था। उसे शांत करने के बाद,

उन्होंने लेखा विभाग से चेक बुक की श्रृंखला प्राप्त किया। उसने फिर अपने बैंक से संपर्क किया और उन्हें चेक पर भुगतान रोकने के निर्देश दिए। यह घटना 2009 में घटी जब सभी भुगतान चेक की पन्नों के माध्यम से होता था।बेशक अब, परिदृश्य बदल गया है और संगठन मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक बैंक स्थानान्तरण पर भरोसा करते हैं।

उस शाम, ऑफिस फोन बजा और कॉलर ने कहा, "मैं अखबार की दुकान का मालिक हूँ। किसी ने यहाँ एक चेकबुक का पैकेट पीछे छोड़ दिया है लिफाफे में आपका फोन नंबर और पता था और इसलिए मैंने फोन किया। कृपया पैकेट को प्राप्त करने के लिए किसी को भेजें "। वैती जिसका मन अपने गलती पर विचार करते कुंठित हो रहा था, के चेहरे पर बड़ी राहत दिखाई दी। चेहरे पर मुस्कुराहट और कदम में उछल के साथ, वह दिव्या के केबिन में गया और हाथ जोड़कर खुशखबरी सुनाया।

सब लोग खुश थे। शाखा प्रबंधक दिव्या द्वारा कार्यालय में व्यक्त किया गया अच्छे सोच का प्रभाव शायद दुकानदार पर भी हुआ और उसे पूरे ईमानदारी से पैकेट वापस करने के लिए प्रेरित किया।यह घटना महान प्रबंधकों के एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुण को दर्शाती है - एक आध्यात्मिक मापदंड (spirutual quotient - SQ) जो भावनात्मक मापदंड (Emotional Quotient - EQ) से परे है।

आध्यात्मिक मूल्यों में शांत और संतुलित होना शामिल है, जिससे स्पष्ट सोच को सक्षम किया जा सकता है ताकि संकट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के बजाय उसका समाधान ढूंढ सके; कर्मचारियों और सहकर्मियों के साथ व्यक्तिगत स्पर्श के साथ मानव तत्व को प्राथमिकता देते हुए व्यवहार करनाहै।

यह एक महान प्रबंध कों अच्छे प्रबंधकों से अलग दिखाता है।

आध्यात्मिक मूल्यों में शांत और संतुलित होना शामिल है, जिससे स्पष्ट सोच को सक्षम किया जा सकता है ताकि संकट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के बजाय उसका समाधान ढूंढ सके; कर्मचारियों और सहकर्मियों के साथ व्यक्तिगत स्पर्श के साथ मानव तत्व को प्राथमिकता देते हुए व्यवहार करना, और यह स्वीकार करना कि हर किसी के पास अच्छे और बुरे विशेषता हैं; और सब साथ ऐसा बर्ताव करना जैसे आप चाहते हैं कि दुसरे लोग आपके साथ करें। अक्सर, संगठनात्मक व्यवहार द्विविधता प्रदर्शित करता है। एक व्यक्ति अपने निजी जिंदगी में अलग-तौर से व्यवहार कर सकता है और विश्वास रखता है कि कार्यस्थल पर व्यावसायिकता के नाम पर कठोर,अशिष्ट व्यवहार कर सकते हैं और अपने नीचे काम करने वालों को ऊँची आवाज़ में डाँटना स्वीकार्य है।समस्या हल करने के लिए अन्य विविध तरीके भी हैं। कुछ अधिकार का दुष्प्रयोग करते हैं, कुछ अनजाने में हुए गलतियों के लिए लोगों का अपमान करते हैं कुछ पूरे संगठन के भीतर ऐसी गलतियों का प्रसार करते हैं, जिससे भाकी कर्मचारियों के बीच ईमानदार व्यक्तियों के बारे में गलत राय बनती है, जो उनके मनोबल को प्रभावित करता है।लोग ऐसे व्यवहारों को कभी नहीं भूलते हैं और प्रबंधक उनसे कभी भी बेहतर प्रदर्शनी नहीं पा सकते।

संगठनों को सालाना रस्म जैसे सत्यनारायण पूजा और कार्यस्थल पर विभिन्न त्यौहारों का जश्न मनाने से आगे बढ़कर, सहानुभूति, नैतिकता, करुणा, शांति, उदारता, एक समावेशी मानसिकता, सभी के लिए समान सम्मान, ज्ञान, संवेदनशीलता और जीवन में संतुलित दृष्टिकोण द्वारा, आध्यात्मिक अनुष्ठान प्राप्त करना है।

भविष्य के लिए कॉर्पोरेट मंत्र, संगठन बेहतरी के लिए आध्यात्मिक मापदंड को प्रोत्साहित और विकसित करना है।

तथास्तु

पुस्तक समीक्षा



इसे एक उपन्यास मानो या लघु कथाओं का संग्रहण, जो भी हो, यह पुस्तक हर प्रकार के पाठक को कुछ न कुछ प्रस्तुत करता है श्रुति राघवन पता लगाती है।

'मेम्वॉर्स ऑफ़ टाइम' को पढ़ना बिंदुओं को जोड़कर एक खूबसूरत चित्र बनाने की तरह है। 40 बिंदुओं के माध्यम से, लघु कथाओं के रूप में, पाठक रोमांच, दिलचस्प अनुभव और खुशियों से भरा जीवन का एक सुंदर चित्र खींचता है।इसमें हम मृत्यु, दुःख, उत्तरदायित्व, दोस्ती, साहस जैसे भारी विषयों को हल्के दिल से पढ़ पाते हैं। यह न तो उपदेशात्मक और न ही आत्मकथात्मक, और यह अपनी सरल कथा शैली के माध्यम से पाठक को आसानी से एकाग्रत करता है।

यह पुस्तक तीन केंद्रीय व्यक्तियों पर आधारित है - एक बुद्धिमान और करिश्माई चिकित्सक, उनकी करुणामय पत्नी, जिसका नाम रोचक रूप से 'मिस्चीफ़' है और उनकी जिम्मेदार और धार्मिक बेटी मिस्ट। कैंसर की लड़ाई में मिस्चीफ़ अपना जान खो देती है और डॉक्टर और बेटी दोनों को हताश छोड़ती है।हालांकि, वे जल्द ही इतना मजबूत बंधन विकसित करते हैं कि बेटी माता,पत्नी और बेटी के भूमिका में अपने पिता को संभालती है। दूसरी तरफ पिता, जिन्हे प्यार से डॉक्टर बुलाया जाता है, अपनी बेटी की जिंदगी को साहसी, यात्रा और अनुभवों से समृद्ध करता है जिससे वह जीवन को पूरी तरह से गले लगा सकें।दिलचस्प बात यह है कि ये लघु कहानियां होने के बावजूद, कहानी पात्रों के दर्द या पीड़ा पर नहीं बल्कि जीवन के लिए उनके उत्साह पर केंद्रित हैं। कथा के मुख्य पत्रों ने सकारात्मकता और जीवन के लिए उनके उत्साह को व्यक्त किया है जो कहानी के अन्य पात्रों को प्रभावित भी करता है।

श्रुति. एस.
राघवन

' मेम्वॉर्स ऑफ़ टाइम' अपने पात्रों के दृष्टिकोण से जीवन को खोजती हैं, हर-एक अलग-अलग दृष्टिकोण से लेकिन खुशी की दिशा में उनकी यात्रा एक समान है। चाहे कहानी डॉक्टर के वरिष्ठ जो निजी क्षमता को पहचानते हुए आत्मविश्वास बनाए रखने का सलाह देते हैं या चिकित्सक के पर्वतारोहण के बारे में, कहानी को सरल लेकिन संवेदनशील रूप से लिखा गया है।समय, भाग्य और प्रकृति, जो हमारे अस्तित्व के तत्व हैं, को चित्रित करते हुए लेखक ने दिलचस्प संवादों के जरिये कहानी बुनी है।

संरचना और संपादन के कमियों के बावजूद ' मेम्वॉर्स ऑफ टाइम' पुस्तक पाठकों को खुद के जीवन के बारे में सोचने और प्रतिबिंबित करने के लिए प्रेरित करता है। यह स्पष्ट है कि यह पुस्तक लेखक के व्यक्तित्व और ज़िन्दगी का एक विस्तार है, जिसे उसने अपने पिता से आत्मसात किया।हालांकि इस काल्पनिक जीवनी के साथ एक तरफ से संबंध जुटा सकते है, तो दूसरे तरफ उपन्यास के रूप में मनोरम है। खुशी, साहस, धैर्य, दृढ़ विश्वास और नम्रता इस पुस्तक, जिसे एक उपन्यास या लघु कथाओं के संग्रह के रूप में माना जा सकता है के जड़ है।जैसे भी हो, यह पुस्तक हर प्रकार के पाठक को कुछ न कुछ प्रस्तुत करता है , यह आपको हसने हंसने, सोचने और रोने के लिए विवश करता है।

बहुत ही दुर्लभ आनुवंशिक विकलांगता, डोपामाइन-रेस्पॉन्सिव डिस्टोनिया के कारण, आर.जे डेन के नाम से जाना जाने वाले सायोमदेव मुखर्जी अपने जीवन के पहले 25 वर्षों में गैर मौखिक रहे। आज, वह एक रेडियो जॉकी है जिसका कार्यक्रम सकारात्मक सोच और साहस पर केंद्रित है।उन्होंने 2014 में रेडियो एक्सेलेंस अवार्ड और सर्वश्रेष्ठ बंगाली रेडियो जॉकी अवॉर्ड सहित कई अन्य पुरस्कार भी जीते हैं। डैन द्वारा स्वप्रकाशित 'मेम्वॉर्सर् ऑफ़ टाइम', कई देशों और अमेज़ॅन में एक पेपरबैक के रूप में उपलब्ध है।

"समय, भाग्य और प्रकृति, जो हमारे अस्तित्व के तत्व हैं, को चित्रित करते हुए लेखक ने दिलचस्प संवादों के जरिये कहानी बुनी है।"

About the Author:
Yes, the 35 years old, a young man with magnificent personality has disproved the term 'challenged' attached with an anatomy of the human being, rather he took the term to prove the world that winning warriors not always ride on a stallion, sometimes they roll on wheels. An owner of prolonged chin with spread smile emits positive attitude exclusively. The RJ had always enlighten his listeners that 'Giving Up' is not human's gesture. The radio programme 'Never Give Up - My Friend' won him awards, including Radio Excellence Award, Best Bengali Radio Jockey in 2014. He worked in as a lead character and Unit Executive Producer for Dr. Rupam Sarmah, (a Grammy Award-winning and Academy Award-nominated director). The genetic disorder called Dopamine-Responsive Dystonia made RJ Den silent for 25 years. But winning all odds he is now making slopes and amalgamating 'haves' and 'haves not' (in respect of getting opportunities). His persuasive wheels carrying a credible brain which echoes Vini Vidi Vici.

About the Book:
This book is a story about a doctor, his wife who passes away and a daughter who personifies brevity. The time span begins from early 1960's till the year 2000. The doctor's character, the main male protagonist does not believe that infrastructure could be an issue when it comes to working to save the lives of people. Honestly speaking, the character of the doctor is somewhat a real life character, seen by the author. Personally, the doctor does not believe that earning money is the most important thing in life; rather there are aspects of life which must be experienced and relished to grow and flower as a human being. Psychologically has proven that men are more dependent, hence the two protagonist female characters Mist and Mischief, the daughter and wife of the doctor are the pillars in his life. The suffering after the passing away of his wife was foreseen by her and she had prepared the daughter who was just a young girl to take up the responsibilities. The most important sub-plot in this particular story is of a wheelchair user who gradually breaks free of the arrogance which had once hardened his heart due to his disabilities, only with the help of Mist, the doctor's daughter. To end with, if the readers think that they would regard this as a short story book, they would be delighted to find 40 short stories, if another group of readers would like to consider this book as a novel they would find it as a novel as all the short stories are garlanded as beads in a thread to make it a novel.

ISBN 978-93-85892-06-6

Price: ₹ 240/-

लेखक : डेन
कीमत : रु.240/-

कुल पृष्ठ : 159

विभिन्नता का जश्न मनाएं

अंग्शु जजोडिया

अपने बचपन से एक सुंदर उदाहरण याद करते हुए, अंग्शु जजोडिया बताते हैं कि कैसे परिवारों में, बच्चों को विविधता को मनाने और स्वीकार करने के लिए समझा सकते हैं।

बहिन : मा, दादा क्यों दूसरे लड़कों से अलग है?

माँ: तुम्हारा क्या मतलब है, स्वीटी?

बहिन: मेरा मतलब है, दादा सुन नहीं सकते हैं और हियरिंग एइड पहनते है , लेकिन मेरे दूसरे भाई हियरिंग एइड नहीं पहनते हैं।

माँ: स्वीटी, मैं आपको एक कहानी बताऊंगी आप जानना चाहते हैं कि दादा अलग क्यों है?

बहिन(कहानी समय के आशा में सिर हिलाते हुए !): हाँ, मा, मैं कहानी जानना चाहता हूं।

माँ(बिस्तर पर अपने छोटी बेटी के सामने बैठेते हुए): स्वीटी , आप देखते हैं, जब भगवान आपके दादा को बना रहे थे, वह धीरे-धीरे दादा को जमा कर रहे थे -पहले दो पैरों से शुरू किये, फिर दो बांहें, फिर चेहरे, दो आँखें, आदि । लेकिन जैसा कि आप जानते हैं आपका दादा मम्मी के पेट में आने के लिए बहुत उत्सुक थे। भगवान ने दादा के सभी भाग इकट्ठा कर दिया, सिर्फ कान ही बचा था।जब भगवान कानों को दादा पर लगाने के लिए मुड़े,तुम्हारे दादा जो अधीर थे, भगवन से दौड़कर माँ के पेट में घुस गए। और भगवान दादा को पकड़ने की कोशिश में उनके पीछे दौड़े ताकि वह दादा पर कान लगा सके।

बहिन(जाहिरा तौर पर उत्साहित थी कि उसके भाई ने भगवान को चकरा दिया): वाह, तो मेरा दादा भगवान से भी ज्यादा होशियार हैं, और वह इतनी जल्दी भाग गया कि भगवान भी उसे पकड़ नहीं पाए!

माँ:तो स्वीटी , अब आप जानते हैं क्यों अपने दादा दूसरे लड़कों से अलग हैं।

बहिन(माँ को गले लगाने के लिए उनके गोद में कूदकर) हाँ, हाँ, माँ, मुझे अपने दादा पर बहुत गर्व है क्योंकि वे इतने चतुर है यहां तक कि भगवान भी उसे पकड़ नहीं सके। मेरे दादा अन्य लड़कों से निश्चित रूप से अलग हैं!

कहानी कहने का क्या शानदार तरीका! वह विषय जिसे आमतौर पर नकारात्मक रूप में देखा जाता है, उसे उत्सव में बदल दिया। मेरा बधिर होना मेरे परिवार के लिए कभी भी एक मुद्दा नहीं था, मेरे परिवार में सभी लोग हमेशा ही सकारात्मक रवैया अपनाते थे।हम सभी अलग और अद्वितीय हैं। अलग होने के कारण दूसरों की निंदा न करें। चलो, विभिन्नता का जश्न मनाएं।

QUALITY YOU CAN TRUST since 1925

RISE TO THE GOLD STANDARD

100% ASSAM BLEND

R.NO. 66062/96